शनिवार
17 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4

सेहत के लिए बेहद लाभदायक है चक्र फूल



पृष्ठ 5

काजोल ने ओटीटी सीरीज डेब्यू में अपने लुक से दर्शकों को चौंकाया



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 219
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

### आज का विचार

कुल की प्रतिष्ठा भी विनम्रता और सदव्यवहार से होती है, हेकड़ी और रुआब दिखाने से नहीं।
– प्रेमचंद

# कांग्रेस ने घोटाले दबाये: निशंक

## ●भाजपा सरकार ने कराई जांच, दोषियों को भेजा जा रहा है जेल

विशेष संवाददाता

देहरादून। आज जब पूरे देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की धूम है वहीं दूसरी ओर इसके बीच उत्तराखंड के भर्ती घोटालों की भी गूंज सुनाई दे रही है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने आज पौड़ी में इन घोटालों को लेकर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में घोटालों को दबाने की कोशिश की। जबकि भाजपा की वर्तमान सरकार इन घोटालों की जांच करा रही है और दोषियों को जेल भिजवा रही है।

डॉ निशंक का कहना था कि कांग्रेस के कार्यकाल में सबसे अधिक घोटाले हुए लेकिन कांग्रेस जब भी सत्ता में रही उसने घोटालों को दबाए रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी और उनकी सरकार को मैं बधाई देता हूं जिसने न सिर्फ इन घोटालों का पर्दाफाश किया अपितु इनकी जांच भी कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जांच भी नाम मात्र की जांच नहीं हो रही इतनी



❑खुलासा व जांच का श्रेय लेने में जुटी भाजपा
❑भाजपा व कांग्रेस में घोटालों पर वाक युद्ध जारी

प्रभावी जांच हो रही है कि अब तक 40 से अधिक लोगों को जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताएं कि उसने घोटालों की कितनी जांच कराई और कितने लोगों को जेल भिजवाया है?

उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सरकार का ही दम है जिसने बड़े अधिकारियों से लेकर अवैध तरीके से नौकरियां दिलवाने वाले अनेक रोगों को जेल भेजने का काम किया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच अब इस मुद्दे को लेकर वाक युद्ध छिड़ा हुआ है कि किसके कार्यकाल में घोटाले नहीं हुए। दोनों ही दलों के नेताओं द्वारा अपनी कमीज को दूसरे से अधिक सफेद साबित करने की होड़ लगी हुई है। किसके कार्यकाल में कितने घोटाले हुए। किसके कार्यकाल में घोटाले ज्यादा या कम हुए? बात यहीं तक सीमित नहीं है भाजपा नेता अब इन घोटालों के खुलासे और इनकी जांच का श्रेय लेकर अपनी उस जवाबदेही से बचना चाहते हैं जिसके लिए वह खुद भी जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस के कार्यकाल में विधानसभा में हुई बैक डोर भर्तियों के लिए भाजपा कुंजवाल पर सवाल उठा रही है वहीं प्रेमचंद्र अग्रवाल के समय में हुई भर्तियों के लिए कांग्रेस उन्हें कटघरे में खड़ा कर रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इन घोटालों पर कोई भी दल और नेता शर्मशार नहीं है।

# बच्चों का हित सबके लिए सर्वोपरिः धामी




## सीएम ने पोक्सो अधिनियम 2012 के संबंध में 'राज्य स्तरीय परामर्श संवाद' कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुद्धोवाला स्थित एक होटल में पोक्सो अधिनियम 2012 के संबंध में 'राज्य स्तरीय परामर्श संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने वर्चुअल प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा, न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी, न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पोक्सो अधिनियम एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में दो दिवसीय 'राज्य स्तरीय परामर्श संवाद' में मंथन से जो भी निष्कर्ष निकलेगा, राज्य सरकार उन अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। आज इस कार्यशाला में कार्यपालिका, न्यायपालिका और विध ायिका के प्रतिनिधियों द्वारा मंथन किया जा रहा है। यह मंथन कार्यक्रम निश्चित रूप से बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का

◀◀ शेष पृष्ठ 4 पर

# 72वें जन्मदिन पर राष्ट्रपति सहित विपक्ष के कई नेताओं ने पीएम मोदी को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 72वां जन्मदिन आज है। उन्हें देशभर से बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। राष्ट्रपति समेत पक्ष-विपक्ष के तमाम नेता प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने ट्वीट करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि आप के द्वारा अतुलनीय परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा और सृजनशीलता के साथ किया जा रहा राष्ट्रनिर्माण का अभियान, आप के नेतृत्व में आगे बढ़ता रहे। मेरी शुभेच्छा है कि ईश्वर आपको स्वस्थ और दीर्घायु बनाए।

इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई। वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। केजरीवाल ने अपने ट्वीट में लिखा, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बध ाई एवं शुभकामनाएं। आपके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना। पीएम मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा, हमारे पीएम मोदी जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र। ईश्वर करे कि वह हमारे देशवासियों के इतने सारे अंधेरे को दूर करने के लिए काम करे और इसके बजाय उन्हें प्रगति, विकास और सामाजिक सद्भाव का प्रकाश दे।

# पीएम मोदी ने कूनो नेशनल पार्क में छोड़े चीते, 70 साल बाद हुई भारत में वापसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर आज देश को स्पेशल गिफ्ट दिया है। नामीबिया से स्पेशल विमान के जरिए भारत लाए गए चीतों को प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क के स्पेशल बाड़े में छोड़ दिया है। चीतों को 30 दिनों तक विशेष बाड़े में ही रखा जाएगा। इस दौरान उनकी सेहत पर नजर रखी जाएगी। इसके बाद इन्हें जंगल में छोड़ा जाएगा। 70 सालों के बाद रफ्तार के किंग यानि चीता की की देश में एंट्री हुई है।



नामीबिया से करीब आठ हजार पांच सौ किलोमीटर की सफर पूरी कर स्पेशल प्लेन मध्यप्रदेश के ग्वालियर में लैंड हुआ। यहां प्लेन से चीतों को तीन स्पेशल हेलीकॉप्टर में ट्रांसफर किया किया और फिर कुनो नेशनल पार्क तक का सफर चीतों ने हेलीकॉप्टर से पूरा। 70 साल बाद देश के जंगलों में चीतों की एंट्री से कुनो पार्क में रहने वाले जानवरों में भी खलबली है क्योंकि पीएम मोदी के नए जंगल बुक की वजह से यहां सबकुछ बदलने वाला है।

पीएम मोदी ने खुद लीवर हैंडल घुमाकर जैसे ही पिंजड़े का गेट खोला तो ये चीते विशेष रूप से तैयार किए गए बाड़े में आ गए।

चीतों के लिए खास तौर पर तैयार इन आठ बाड़ों को ग्रीन मैट के जरिए आपस में बांटा गया है। यहां एक महीने तक चीते रहेंगे दुनिया के ये महाशिकारी कुनो के इस जंगल को अपना बनाने आ रहे हैं। हमेशा के लिए राज करने के मकसद से यहां पहुंचे हैं। लेकिन इनके लिए ये इतना आसान नहीं रहने वाला है। इसी जंगल में चीतों के पहले से कई दुश्मन मौजूद हैं। तो वहीं दोस्तों की भी कमी नहीं है जो चीतों की खातिर अपनी जान दांव पर लगाने को तैयार है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# हवा खिलाफ हो तो कोई नेता...

सूबे के शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल को अब तक लोग सिर्फ एक नेता की हैसियत से जानते होंगे वह एक अच्छे कवि और साहित्यकार भी हैं इसकी जानकारी शायद कम ही लोगों को होगी। कल पहली बार लोगों ने उन्हें शायराना अंदाज में देखा तो सभी हैरान रह गए। कार्यक्रम भले ही किफायती आवास पर आयोजित कार्यशाला था लेकिन मंच से जब उन्होंने 'मैं दीपक हूं मेरी दुश्मनी सिर्फ अंधेरे से है हवा तो बेवजह मेरे खिलाफ है, हवा से कह दो कि खुद को आजमा के दिखाए बहुत दीपक बुझा दिये है एक जला कर भी दिखाएं, पढ़ा तो खूब तालियां बटोरी। कवि या शायर होना कोई बुराई नहीं है और फिर किसी नेता का शायर कवि अथवा साहित्यकार होना तो उसकी बहु आयामी प्रतिभा का ही प्रतीक है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को आज भी लोग एक कवि के रूप में सम्मान सहित याद करते हैं। हमने तो उन्हें संसद में अपनी बात काव्यात्मक भाषा और शैली में करते देखा है। अटल जी अपनी कालजई रचनाओं और बेदाग व्यक्तित्व से काल के कपाट पर अमिट हस्ताक्षर करके चले गए। लेकिन उनके बाद भी उनके भाव और भावनाओं का दीपक प्रकाशमान है। दीपक बनकर जलना और अंधकार को मिटाना तथा दूसरों को राह दिखाने की बातें करना जितना आसान काम है उतना ही कठिन काम है दीपक बनकर जलना। प्रेमचंद्र अग्रवाल द्वारा स्वयं को दीपक बताना और चुनौतियां देना दीपक का गुण नहीं है। जिन हवाओं को वह बेवजह अपने खिलाफ होने की बात कह रहे हैं वह बेवजह नहीं हो सकती है। उन्हें भी यह समझने की जरूरत है कि जहां हवा न हो वहां दीपक नहीं जलता जनाब, जहां आग न हो वहां धुआं नहीं उठता। क्यों चुनौतिया दे रहे हो हवाओं को हवा खिलाफ हो तो कोई नेता नहीं बनता जनाब। विधानसभा में हुई बैक डोर भर्तियों के आरोपों से घिरे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और आज के शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल के सामने अब अगर सबसे बड़ी चुनौती है तो वह यही है कि वह अपने आप को बेदाग कैसे साबित कर पाएंगे? उनके राजनीतिक भविष्य को उस एक्सपर्ट समिति की रिपोर्ट तय करेगी जो कुछ ही दिनों में आने वाली है। अब तक जो भी तथ्य सामने आए हैं वह उनके खिलाफ ही दिखाई देते हैं। अपने इंजीनियर पुत्र को गलत तरीके से नौकरी दिलाने को लेकर भी वह चर्चाओं के केंद्र में रह चुके हैं। उनके दीपक होने और अंधेरे से दुश्मनी होने की बात को वही बेहतर तरीके से जान समझ सकते हैं कि वह कैसे दीपक है और कौन से अंधियारो को उन्होंने अब तक मिटाया है। शब्दों का भ्रम जाल और नए नए नारे गढ़ने से कुछ नहीं होता है अपने कार्य व्यवहार में कथनी और करनी के फर्क को मिटाना पड़ता है और जो नहीं मिट पाते वह एक दिन खुद ब खुद मिट जाते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में कोई व्यक्ति जनता से अपना सच छुपा कर नहीं रख सकता है।

# भाजपा की दक्षिण भारत और उत्तर पूर्व विजय

अजय दीक्षित

पिछले आठ साल में भाजपा ने उत्तर-पूर्व के राज्यों की विभिन्न पार्टियों से 93 एमएलए अपने खाते में संजो लिए हैं। ज्ञात हो कि मिजोरम विधानसभा में मात्र 40 सदस्य होते हैं। अभी हाल में मणिपुर के 6 जे.डी.यू. विधायकों में से पांच को भाजपा ने कमल की माला पहना दी। इनका भव्य स्वागत दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में स्वयं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। सन् 2014 में नागालैण्ड विधानसभा में एन.सी.पी. के तीन विधायक भाजपा में शामिल हो गये थे। अरुणाचल प्रदेश में सन् 2003 और 2016 में समस्त कांग्रेसी विधायक एक मुश्त भाजपा में शामिल हो गये और बिना किसी इलेक्शन के वहां भाजपा की सरकार बन गई। यूं यह कमल खिलाने का काम पूरे देश में चल रहा है। उत्तराखण्ड में अनेक कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुये थे। मध्यप्रदेश में तो कांग्रेस के 23 विधायक एक मुश्त भाजपा में शामिल हो गये और शिवराज सिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री बने ग्रे। गोवा में भी यह खेल खेला जा चुका है। राजस्थान में जरूर सफल नहीं हो पाये पर अब दिल्ली और उत्तराखण्ड पर नजर है। जल्दी ही झारखण्ड में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार गिर जायेगी, ऐसा आभास राजनैतिक विश्लेषक बतलाते हैं।

भाजपा तो कांग्रेस मुक्त भारत की बात करती है। और यह और कोई नहीं स्वयं प्रधानमंत्री बोलते हैं जबकि सच्चे स्वराज में विपक्षी दल की अहम भूमिका होती है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी ही हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के लिए कहते हैं कि कोई बरसाती पहनकर नहाना डॉक्टर साहब से सीखे। दिल्ली के मुख्यमंत्री उनके लिए एके-47 हैं।

उत्तर पूर्व के 93 विधायक जो भाजपा में सन् 2014 से अब तक शामिल हुए हैं, उनमें 32 कांग्रेसी हैं। यह संख्या कुल दलबदलुओं का एक तिहाई है।

2019 में अरुणाचल प्रदेश में जे.डी.यू. के छः विधायक भाजपा में शामिल हुए थे। त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस के विधायकों को तोड़ने का सिलसिला जारी है। इनकी संख्या अब नौ हो गई है जो अब भाजपा में हैं परन्तु पहले ममता भक्त थे। यद्यपि अरुणाचल प्रदेश में 2003 में 36 कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हुए थे परन्तु जिगोंग अपांग की सरकार मात्र 42 दिन ही चल पाई। असम में कांग्रेसी हेमंत विश्वा सरमा भाजपा में शामिल हुए थे। सरमा ने ही अरुणाचल प्रदेश में दूसरी बार विधायकों की तोड़फोड़ करके भाजपा की सरकार बनवाई थी। कांग्रेस के 32 विधायक पहले पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल में शामिल हुए और बाद में 48 घंटे में ही भाजपा में शामिल हो गये। जब से नरेन्द्र मोदी का ध्यान उत्तर पूर्व पर गया है गया राम का खेल शुरू हो गया है। मणिपुर में पूर्व कांग्रेसी एन. बीरेन सिंह ने वहां भाजपा की सरकार बनवाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

अब विधायकों का पाला बदलना उस जनता के साथ धोखा है जिन्होंने उन्हें चुनकर भेजा है। यह आत्मा की पुकार नहीं है, धन की थैली की पुकार है। ऐसा कुछ राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं। अभी हाल में दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायकों को 30-30 करोड़ का ऑफर भाजपा ने दिया है, ऐसा आरोप मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल लगाते हैं। वे शीघ्र ही राष्ट्रपति से भी ऑपरेशन लोटस को लेकर राष्ट्रपति से मिलने वाले हैं।

दक्षिण भारत में भाजपा की मुख्य बाधा भाषा है। अभी उनका सारा फोकस तेलंगाना पर है। कई बार गृहमंत्री और प्रधानमंत्री वहां का दौरा कर चुके हैं। वे वहां के मुख्यमंत्री के लिए जिस भाषा और जो शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं, वह राजनैतिक जानकारों के अनुसार शिष्ट तो नहीं है। शायद आचरण संहिता का उल्लंघन ही हो। दलबदल भूल जाते हैं कि उनकी लायल्टी (द्यश्4ड्डद्यह्ल4) मतदाता के प्रति है। दक्षिण में भाजपा ज्यादातर सिने स्टारों पर भरोसा कर रही है। कमल हासन, चिरंजीवी, प्रकाश राज जैसे दक्षिण के सिने स्टार भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। आगे समय बतलायेगा।

# लिज ट्रस की जीत के अर्थ

वेद प्रताप वैदिक

ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री लिज ट्रस तीसरी महिला प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ऋषि सुनक को हराकर यह सर्वोच्च पद पाया है। वे पिछली बोरिस जानसन सरकार में विदेश मंत्री रही हैं। ऋषि सुनक हारे जरुर हैं लेकिन उन्हें 43 प्रतिशत वोट मिल गए जबकि ट्रस को 57 प्रतिशत वोट मिले। सुनक अंग्रेज नहीं हैं। भारतीय मूल के हैं। उनके पिता गुजराती और माँ पंजाबी हैं। इसके बावजूद



उन्हें ट्रस के 81 हजार वोटों के मुकाबले 60 हजार वोट मिल गए, यह अपने आप में भारतीयों के लिए गर्व की बात है।

जिस अंग्रेज ने भारत पर लगभग 200 साल राज किया, उसी अंग्रेज के सिंहासन तक पहुंचने का अवसर एक भारतीय को मिल गया। सुनक का यह साहस ही था कि उन्होंने अपना इस्तीफा देकर बोरिस जानसन की सरकार को गिरवा दिया। वित्तमंत्री के तौर पर उन्हें काफी सराहना मिली थी लेकिन कई छोटे-मोटे विवादों ने उनकी छवि पर प्रश्न चिन्ह भी उछाल दिए थे। यदि वे जीत जाते तो 21 वीं सदी की वह उल्लेखनीय घटना बन जाती लेकिन हारने के बावजूद उन्होंने जो बयान दिया है, उसमें आप भारतीय उदारता और गरिमा की झलक देख सकते हैं। उन्होंने ट्रस को बधाई दी है और कंजर्वेटिव पार्टी को एक परिवार की तरह बताया है।

लिज ट्रस कैसी प्रधानमंत्री साबित होंगी, यह कहना मुश्किल है। अगले दो साल तक उनकी कुर्सी को कोई हिला नहीं सकता लेकिन 2024 के चुनाव में वे अपनी पार्टी को कैसे जिता पाएंगी, यह देखना है। बोरिस जानसन का उन्हें पूरा सहयोग रहेगा लेकिन उनकी हालत इस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तरह हो गई है। वे जिस वक्त में प्रधानमंत्री बनी हैं, वह ऐसा खराब है, जैसा पिछले कई दशकों में नहीं रहा है। ब्रिटेन में मंहगाई, बेरोजगारी, महामारी आदि की समस्याओं ने तो सिर उठा ही रखा है, उसकी अर्थव्यवस्था बिल्कुल डांवाडोल हो रही है। आम आदमी सरकारी टैक्स भरने से बेहद परेशान है।

ट्रस का कहना है कि टैक्स घटाने में वे कोताही नहीं करेंगी। लेकिन ब्रिटेन के कई मजदूर-संगठनों ने अभी से हड़तालों और प्रदर्शनों की घोषणा कर दी है। विदेश मंत्री के तौर पर उनके द्वारा दिए गए कई बयानों की ब्रिटिश अखबारों ने काफी मजाक उड़ाई है लेकिन यूक्रेन के बारे में उनकी रूस-विरोधी नीति को काफी समर्थन मिला है। यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के संबंध को घनिष्ट बनाने के लिए भी वे कृतसंकल्प हैं। रूस-चीन की हिंद-प्रशांत नीति के विरोध में भी वे सक्रिय रहेंगी। रूस सरकार ने ट्रस के प्रधानमंत्रित्व का काफी मजाक उड़ाया है लेकिन ऋषि सुनक की हार के बावजूद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रस का स्वागत किया है। कोई आश्चर्य नहीं कि ट्रस-काल में ही भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाए। विदेश मंत्री की हैसियत में वे दो बार भारत आ चुकी हैं। यह भी संभव है कि उनके मंत्रिमंडल में भारतीय मूल के कुछ नेताओं को महत्वपूर्ण विभाग सौंपे जाएं। ऋषि सुनक को पराजित करने वाली अंग्रेज नेता को भारत के प्रति अतिरिक्त उदारता दिखाने में ही ज्यादा लाभ होगा।

आ राजाना मह ऋतस्य गोपा सिन्धुपती क्षत्रिया यातमर्वाक्।
इळां नो मित्रावरुणोत वृष्टिमव दिव इन्वतं जीरदानू।।
(ऋग्वेद ७-६४-२)

हे शासक और प्रशासकों ! आप सत्य के रक्षक बनो, नदियों आदि के पालक बनो। प्रजा और राष्ट्रभूमि के रक्षक बनो। जो विद्वान सत्य ज्ञान के प्रचार और प्रसार में लगे हो उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएं प्राप्त कराओ। इससे ही राष्ट्र उन्नति करेगा।

O rulers and administrators ! You be the protector of truth. Be the custodian of rivers, etc. Be the protector of the people and the motherland. You provide all kinds of facilities to the scholars who are engaged in the propagation and expansion of true knowledge. Only in this way, the country will progress.
(Rig Veda 7-64-2)

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मंत्री रेखा आर्या ने किया रक्तदान

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाडा के रूप में मनाते हुए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने रक्तदान किया।

आज यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवम् बाल विकास मंत्री रेखा आर्या राजकीय दून अस्पताल पहुंची जहाँ उन्होंने रक्तदान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा की आज वह पहली बार अपना रक्तदान कर रही हैं। पहली बार रक्तदान करने पर उन्हे किसी तरह की दिक्कत नही हुई। कैबिनेट मंत्री ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा की हर व्यक्ति को अपने जीवन मे रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से कहीं ना कहीं हम किसी जरूरतमंद की मदद कर सकते हैं। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा की आज हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप मे मना रहे हैं। उन्होंने कहा की आज कई लोगो की जान सही समय पर खून उपलब्ध ना होने पर चली जाती है ऐसे में हम सभी यह संकल्प लें और समय समय पर रक्तदान करें जिससे किसी जरूरतमंद की जान बच सके। साथ ही उन्होंने कहा कि आज रक्तदान से बड़ा महादान इस दुनिया में नहीं है और उन्हें स्वयं आज पहली बार रक्तदान करने पर बड़ी प्रसन्नता हो रही है। इस अवसर पर निदेशक एसके सिंह, डीपीओ अखिलेश मिश्रा, डॉ शशि उप्रेती, डॉ. नेहा बत्रा, डॉ. एचएस भाटिया, महेंद्र भंडारी, दीपक राणा, निधि काला सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और अस्पताल प्रशासन के अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे।



# चार पेटी दबंग मार्का शराब सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चर्चित शराब कांड होने के बावजूद धर्मनगरी हरिद्वार मे शराब तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते रोज भी पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से चार पेटी दबंग मार्का शराब बरामद की है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना पिरान कलियर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर अवैध शराब डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को औरंगाबाद रोड आम के बाग के समीप स्कूटी सवार एक संदिग्ध आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोका तो उसकी स्कूटी से 4 पेटी दबंग मार्का शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम इस्तकार उर्फ तारी पुत्र जफरा निवासी शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला कलियर शरीफ जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



# महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया

संवाददाता

देहरादून। महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कालसी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना मिली कि कोटी रोड के पास एक युवक सडक किनारे खडा होकर आती जाती महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियां कर रहा है जिससे महिलाओं व युवतियों को सडक से निकलने में परेशानी हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची तो वहां पर एक युवक को युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसते हुए देख उसको गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम वादिल पुत्र हमीर निवासी फतेहपुर सहारनपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गांजे के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने काले की ढाल के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो 300 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दिवान सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी सपेरा बस्ती काले की ढाल बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# कालेज में घुसकर मारपीट कर घायल करने के मामले में चार नामजद

संवाददाता

देहरादून। कालेज में घुसकर मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडुवाला निवासी विनीत रावत ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह देवभूमि युनिवर्सिटी की मैस में बैठा था तभी नमन सुतियाल, अथर्व, हिमांशु सिंह व शोहेब अख्तर अपने साथियों के साथ वहां पर आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके व उसके साथियों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी तथा हथियारों से उनपर हमला कर उनको घायल कर दिया तथा जाते-जाते उनको जान से मारने की धमकी देकर गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन को कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उददेश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया।



आज यहां उच्चतम न्यायालय द्वारा ऐसे अपराधों में, जिनमे 07 साल से कम की सजा हो, उनमे धारा 41 (ए) सीआरपीसी का पालन कराये जाने के संबंध में निर्देश जारी किए गये है। उक्त निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार के निर्देशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून दलीप सिंह कुंवर के निर्देशन में पुलिस लाइन देहरादून में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान संयुक्त निदेशक विधि देहरादून द्वारा उपस्थित अधिकारियों को क्रिमिनल अपील अरनेश बनाम बिहार राज्य तथा अन्य में उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए ऐसे अपराधों में जिनमें 07 साल से कम की सजा हो, उनमें किन दशाओं में गिरफ्तारी की जा सकती है, तथा उन अपराधों की विवेचना के दौरान किन- किन नियमों का पालन किया जाना चाहिए इस संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा आपसी संवाद के माध्यम से विवेचना के दौरान आ गई समस्याओं व अपनी शंकाओं के संबंध में संयुक्त निदेशक विधि से चर्चा की गई। जिनके द्वारा उनकी शंकाओं को दूर करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। उक्त कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, पुलिस अधीक्षक अपराध/नगर /ग्रामीण, जनपद देहरादून के नगर व ग्रामीण क्षेत्र के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी तथा उप निरीक्षक व उनसे उच्च रैंक के अधिकारी उपस्थित रहे तथा थाना मसूरी, चकराता व त्यूणी के समस्त अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



नगर संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस पर आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा महानगर कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़चढ़कर अपना योगदान देकर शिविर को सफल बनाया।

इस अवसर पर महानगर भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकरणी सदस्य दीपक जेठी ने रक्तदान शिविर में रक्तदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाए प्रेषित की एवं उनकी दीर्घायु किं प्रार्थना की। युवा मोर्चा द्वारा लगाए गए शिविर में राजपुर विधायक खजानदास ,महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट, महामंत्री रतन सिंह चौहान, सतेंद्र नेगी, युवा मोर्चा के नीरज पंत, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुल चावला, आशीष रावत, अल्प. स.मोर्चा से अंकुर जैन राजपुर विधानसभा मंडलों के अध्यक्ष विशाल गुप्ता, कारनपुर मंडल अध्यक्ष विजय थापा व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जोशी ने रक्तदान शिविर में किया प्रतिभाग

देहरादून (संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाडा के रूप में मनाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी प्रतिभाग किया।

आज यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समुदाय भवन विजय कॉलोनी में भाजयुमा द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में टिहरी सांसद महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह भी मौजूद रही। सेवा पकवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर युवाओं ने हिस्सा लिया और रक्त दान किया । वहीं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट भी वितरित किए।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी साथ ही उनके दीर्घायु की भी कामना की। जोशी ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र बने है तब से देश में कई ऐतिहासिक काम हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नाम विश्व के पटल पर एक अलग पहचान दिलाई है। जोशी ने कहा कि इसी सेवा भाव के साथ प्रदेशभर में आज से आगामी 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमो के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को एक सेवा के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, निरंजन डोभाल, भावना पांडे, सिकंदर सिंह, मंजीत रावत, अमोल डोभाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मोदी आधुनिक भारत निर्माण के शिल्पी हैः जोशी

संवाददाता

देहरादून। आचार्य जोशी ने कहा आज विश्वकर्मा जयंती है नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत निर्माण के शिल्पी और विश्वकर्मा हैं।



आज यहां दून योग पीठ देहरादून द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आध्यात्मिक गुरु और दून योग पीठ देहरादून के संस्थापक आचार्य बिपिन जोशी के पावन सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना कर दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की गई। आचार्य जोशी ने कहा आज विश्वकर्मा जयंती है नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत निर्माण के शिल्पी और विश्वकर्मा हैं, यदि हम सभी सामुहिक रूप से मिलकर भारत के नवनिर्माण में लग जाएं तो भारत विश्व गुरु बन कर संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा।

इस अवसर पर अनिल डोभाल, मनवर सिंह कपरवान, नेहा अग्रवाल, प्रगति गुप्ता, अंकिता यादव , योग साधिका राधा गैड़ा, योगाचार्य सोनी रावत आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय चिकित्सालय अपने निदेशक का उपचार करने में असमर्थः उक्रांद

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल की केन्द्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला रावत ने स्वास्थ्य निदेशक को अपने पैर का प्लास्टर करवाने के लिए प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ा इससे यह स्पष्ट हो गया है कि राजकीय चिकित्सालय की हालत इतनी खराब हो गई है कि वह अपने निदेशक की टांग का उपचार नहीं कर पाएं।

आज यहां उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेत्री केंद्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला रावत (एडवोकेट) ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि स्वास्थ्य निदेशक को अपने पैर का प्लास्टर करवाने के लिए प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ा इससे यह स्पष्ट हो गया है कि राजकीय चिकित्सालय की हालत इतनी खराब हो गई है कि वह अपने निदेशक की टांग का उपचार नहीं कर पाएं। टांग में प्लास्टर जैसे इलाज के लिए भी उन्हें प्राइवेट अस्पताल का सहारा लेना पड़ रहा है इस घटना कि उत्तराखंड क्रांति दल घोर निंदा करता है और इस कृत्य के लिए उत्तराखंड क्रांति दल सरकार के साथ-साथ चिकित्सा निदेशालय को भी दोषी मानता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तराखंड की महिला शक्ति और तमाम लोगों को मिलाकर स्वास्थ्य निदेशालय में तालाबंदी की जाएगी। जिसके लिए बैठक कर जल्द समय निर्धारित किया जा रहा है। इस घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि जब स्वास्थ्य निदेशक का इलाज राजकीय चिकित्सालय में नहीं हो पा रहा है तो जनता को दोयम दर्जे का इलाज मुहैया हो रहा है या राजकीय चिकित्सालय राजकीय घोटालों के अड्डे बनकर रह गए हैं। प्रदेश में चिकित्सा की हालत किसी से छुपी नहीं है जच्चा और बच्चा की दोनों की मौत हो रही है जिसके लिए स्वास्थ्य निदेशक को सीधा सीधा अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए यदि उनका इस्तीफा नहीं आया तो उनको कार्यालय में बैठने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर भर्ती घोटाले के लिए पर्चे पोस्टर जारी किए जाएंगे।

# बैंककर्मी बता ठगे 50 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। बैक कर्मी बनकर पचास हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्द्रलोक इन्क्लेव निवासी संदीप सिंह फर्सवाण ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास एक कॉल आयी और कॉल करने वाले ने अपने आपको एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया। उसने उससे एसआईसी प्रीमियर जमा करने के लिए एक लिंक भेजा उसने जैसे ही लिंक को क्लीक किया उसके खाते से पचास हजार रूपये निकल गये। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ ठगी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पशुलोक निवासी श्रीमती सुधा ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि हरिद्वार रोड पर जा रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बच्चों का हित सबके लिए सर्वोपरि..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

हित सबके लिए सर्वोपरि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिकता संहिता लागू करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ी है। इसके लिए गठित कमेटी द्वारा ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए जन सुझाव भी लिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के मंत्र पर कार्य कर रही है। जन समस्याओं का त्वरित समाधान हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनायेगा। तब तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सबको अपना योगदान देना होगा। राज्य का विकास सबकी सामूहिक यात्रा है।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कण्डवाल, उत्तराखण्ड बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना, एडवोकेट जनरल एस. एन बाबुलकर, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, रजिस्ट्रार जनरल उत्तराखण्ड हाईकोर्ट श्री विवेक भारती शर्मा, सचिव महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास एच. सी. सेमवाल, डीआईजी गढ़वाल के.एस. नगन्याल, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, एसएसपी दलीप सिंह कुंवर एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# सेहत के लिए बेहद लाभदायक है चक्र फूल



चीनी सदाबहार पेड़ इलिसियम वर्म के फल से प्राप्त होने वाला चक्र फूल एक तरह का मसाला है, जिसका इस्तेमाल चाइनीज व्यंजनों में एक आम सामग्री के रूप में किया जाता है। यह कई औषधीय गुणों से समृद्ध होता है। इसमें विटामिन-ए, कैल्शियम, फास्फोरस, पोटैशियम, बायोएक्टिव कंपाउंड और कई अन्य जरूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। चलिए फिर जानते हैं कि चक्र फूल के सेवन से आपको कौन-कौन से मुख्य लाभ मिल सकते हैं।

डिप्रेशन को कम करने में है सहायक

चक्र फूल डिप्रेशन और एंग्जायटी के लक्षणों का इलाज बेहद कारगर तरीके से कर सकता है। चूहों पर एक अध्ययन के अनुसार, चक्र फूल के अर्क ने चूहों को शक्तिशाली एंटी-डिप्रेसेंट गुण प्रदान किए, जो प्रभावी ढंग से डिप्रेशन को कम कर सकता है। एक अन्य अध्ययन से पता चला कि जिन 107 लोगों ने रोजाना तीन बार तीन ग्राम चक्र फूल के बीज पाउडर का सेवन किया, उनमें भी डिप्रेशन का स्तर कम हुआ।

अनिद्रा की समस्या से दिलाएं छुटकारा

कई अध्ययनों के अनुसार, चक्र फूल में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-स्ट्रेस गुण समेत मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा मौजूद होती है, जो तनाव कम करके अच्छी नींद देने में मदद करते हैं। इसलिए अगर आपको या आपके परिवार में से किसी व्यक्ति को अनिद्रा की समस्या है तो सामान्य चाय को छोड़ रोजाना चक्र फूल की चाय का सेवन करना शुरू कर दें। इससे अनिद्रा की समस्या जल्द खत्म हो जाएगी।



पाचन के लिए भी है स्वास्थ्यवर्धक

चक्र फूल स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देने में भी सहायक है। एक शोध के मुताबिक, चक्र फूल पेट से संबंधित विभिन्न बीमारियों जैसे गैस, सूजन, कब्ज और अपच का इलाज करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह मतली और पेट की ऐंठन से भी राहत प्रदान कर सकता है। यह आंत में जीवाणु संतुलन में सुधार करने में भी सक्षम है। इसके एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पेट के अल्सर के इलाज में भी मददगार हैं।

त्वचा के स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक

एंटी-ऑक्सिडेंट और विटामिन- ए और विटामिन- सी से समृद्ध चक्र फूल शरीर को मुक्त कणों से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है, जो त्वचा पर समय से पहले बढ़ती उम्र के प्रभाव और ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, चक्र फूल झुर्रियों को कम करने में भी सहायक है और पुराने से पुराने दाग-धब्बों समेत निशानों को छुपा सकता है। यह त्वचा की लोच को बढ़ाकर इसकी गुणवत्ता और बनावट में भी सुधार कर सकता है।

फंगल इंफेक्शन से बचाने में भी है कारगर

एंटी-फंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर चक्र फूल बैक्टीरिया और फंगल के विकास को रोक सकता है। यहीं वजह है कि यह दाद, एथलीट फुट, कैंडिडा और अन्य संक्रमणों से राहत दिलाने में सक्षम है। चक्र फूल में पाया जाने वाला सक्रिय तत्व एनेथोल बैक्टीरिया के विकास को रोकता है और यीस्ट और डर्माटोफाइट्स जैसे फंगल से भी बचाता है। रोजाना चक्र फूल की चाय पीने से फंगल इंफेक्शन दूर रहेगा और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होगी।( आरएनएस)

# शब्द सामर्थ्य -68

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

## शब्द सामर्थ्य क्रमांक 67 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

# बॉलीवुड सितारों ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 72वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन पर राजनीति से लेकर आम जनता और बॉलीवुड सेलेब्स भी सोशल मीडिया के जरिए पीएम मोदी को बर्थडे पर शुभकामनाएं दे रहे हैं। इनमें अनुपम खेर, कंगना रनौत, अक्षय कुमार, परेश रावल से लेकर तमाम सेलेब्स शामिल हैं।

बॉलीवुड एक्टर परेश रावल ने ट्वीट कर पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा है, ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करें। लंबे जिएं और मजबूत रहेंश्ऽ बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने भी नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा है, आपकी दृष्टि, आपकी गर्मजोशी, और काम करने की आपकी क्षमता। ये चीजें मुझे बहुत प्रेरणा देती हैं। जन्मदिन की शुभकामनाएं नरेंद्र मोजी दी जी। आपके स्वास्थ्य, खुशी और आने वाले साल के गौरवशाली होने की कामना करता हूं।



वहीं अनुपम खेर ने ट्वीट कर प्रधाममंत्री के लिए लिखा है, श्आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी। आज आपसे मिलकर मन अत्यंत प्रसन्न हुआ। आप देशवासियों के लिए दिन रात जो मेहनत कर रहें है, वो प्रेरणात्मक है। जिस श्रद्धा के साथ आपने मेरी मां द्वारा आपकी रक्षा के लिए भेजी रुद्राक्ष की माला स्वीकार की वो हम हमेशा याद रखेंगे। जय हो। जय हिंद।

भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए पोस्ट साझा की है जिसमें उन्होंने लिखा है, श्भारत माता के सच्चे सपूत ,नए भारत के निर्माता, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, भारत के यशस्वी प्रधान सेवक पूज्यनिय श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा नेता किरण खेर ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। अपनी पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा, हमारे माननीय पीएम नरेंद्र मोदी जी को ढेर सारी शुभकामनाएं। ईश्वर आपको अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए महान ऊर्जा प्रदान करें। हमें आप पर बहुत गर्व है सर। जय हिंद।

अजय देवगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा है, श्माननीय नरेंद्र मोदी जी आपका नेतृत्व मुझे प्रेरित करता है, आपके अच्छे स्वास्थ्य और आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं सर।

बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख ने नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा है, हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई, नरेंद्र मोदी जी जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई। ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु प्रदान करें सर।

# मकान बेचने के नाम पर 14 लाख ठगने के मामले में तीन महिलाएं नामजद

संवाददाता

देहरादून। मकान बेचने के नाम पर 14 लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं के नाम मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवनगढ निवासी अरूण कुमार शर्मा ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आदर्श कालोनी बाबूगढ निवासी पूनम नेगी, श्रीमती ज्ञानवती व नीलम नेगी ने उसको अपना मकान बेचने की बात कही थी जिसके बाद मामला तय होने पर उसने उनको 14 लाख 21 हजार रूपये पेशगी दे दिये थे। उसके बाद वह उनको मकान की रजिस्ट्री करने के लिए कहता तो वह टाल मटोल करने लगती। काफी समय बीत जाने के बाद जब उसने उनसे अपने रूपये वापस मांगे तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# कृति सैनन ने दिया था स्टूडेंट ऑफ द ईयर के लिए ऑडिशन



कॉफी विद करण लगातार चर्चा में बना हुआ है। शो के हर एपिसोड में बॉलीवुड के दिग्गज सितारे अपने बारे में दर्शकों के सामने चौंकाने वाले खुलासे कर रहे हैं। बीते दिनों विक्की कौशल, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी और शाहिद कपूर की बातें चर्चा में रहीं। अब शो का हालिया प्रोमो सुर्खियां बटोर रहा है जिसमें कृति सैनन और टाइगर श्रॉफ नजर आए। कृति ने बताया कि उन्हें करण की एक चर्चित फिल्म में रिजेक्ट कर दिया गया था।

नए प्रोमो में शो के काउच पर टाइगर और कृति दिलचस्प बातें करते नजर आए। बातचीत के दौरान करण ने कृति से पूछा कि क्या उन्हें कभी किसी फिल्म के ऑडिशन में रिजेक्ट किया गया है। इसपर कृति ने जवाब दिया कि उन्होंने करण की ही फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर के लिए ऑडिशन दिया था जिसमें उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया था। कृति की बात सुनकर करण झेंप गए। वह खुद इससे अनजान थे।

करण की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह इन तीनों ही सितारों की डेब्यू फिल्म थी। 2019 में इस फिल्म का सीक्वल भी बनाया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 में टाइगर और तारा सुतारिया ने मुख्य किरदार निभाए थे। दोनों ही फिल्मों की उनके प्लॉट के लिए काफी आलोचना हुई थी।

बीते दिनों कॉफी विद करण में विक्की और सिद्धार्थ से बात करते हुए करण ने खुद इस फिल्म का खूब मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि शूटिंग शुरू होने के दो दिन बाद उन्हें समझ में आया कि इसकी स्क्रिप्ट कितनी खराब थी। कॉफी विद करण का सातवां सीजन लगातार चर्चा में बना हुआ है। इस सीजन में अब तक रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, अक्षय कुमार, आमिर खान, करीना कपूर, विक्की कौशल, सिद्धार्थ, कियारा समेत कई हस्तियां हिस्सा ले चुकी हैं डिज्नी+ हॉटस्टार पर हर गुरुवार को शो का नया एपिसोड प्रसारित किया जाता है।

# काजोल ने ओटीटी सीरीज डेब्यू में अपने लुक से दर्शकों को चौंकाया




बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की आगामी डिजिटल डेब्यू सीरीज द गुड वाइफ के भारतीय रूपांतरण का पहला लुक जारी किया गया, जिसका शीर्षक द गुड वाइफ- प्यार, कानून, धोखा है। जिसमें अभिनेत्री एक वकील की भूमिका निभाएंगी।

वेब सीरीज में वकील की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक, काजोल ने एक बयान में कहा, मैं अपनी पूरी अभिनय यात्रा में कई किरदार निभा रही हूं, लेकिन पहली भूमिका हमेशा खास होती है। डिज्नी प्लस डे के मौके पर फर्स्ट लुक जारी किया गया था।

उन्होंने आगे कहा, कैरियर की शुरूआत में, मैं अपनी पहली सीरीज में एक वकील की भूमिका निभाऊंगी, जिसका निर्देशन शानदार सुपर्ण वर्मा ने किया है। मूल सीरीज, द गुड वाइफ, स्कॉट फ्री प्रोडक्शंस और किंग साइज प्रोडक्शंस के सहयोग से सीबीएस स्टूडियो द्वारा बनाई गई थी। प्रारूप अधिकार पैरामाउंट ग्लोबल कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन द्वारा विश्व स्तर पर वितरित किए जाते हैं और इसे चीन, भारत, जापान, लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व, रूस, तुर्की और वियतनाम में लाइसेंस दिया गया है। द फैमिली मैन फेम सुपर्ण वर्मा द्वारा निर्देशित और बनिजय एशिया द्वारा निर्मित, द गुड वाइफ - प्यार, कानून, धोखा जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# जुग जुग जियो का दूसरा भाग बनेगा



वरुण धवन और कियारा आडवाणी की जुग जुग जियो को फैंस ने पसंद किया था। यह फैमिली ड्रामा फिल्म 24 जून को बड़े पर्दे पर आई थी। इसे करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया था। इसका निर्देशन राज मेहता ने किया है। अब राज ने इस फिल्म के सीक्वल जुग जुग जियो 2 पर अपनी मुहर लगा दी है। राज ने सोशल मीडिया पर फिल्म के दूसरे भाग के बनने की पुष्टि की है।

राज ने इंस्टाग्राम स्टोरी में जुग जुग जियो 2 को लेकर प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, जुग जुग जियो के अभिनेता मनीष पॉल ने आस्क मी एनी थिंग सेशन का आयोजन किया था। इस सेशन में एक व्यक्ति ने उनसे पूछा कि जुग जुग जियो 2 कब आ रहा है? इस पर अभिनेता ने कहा, यह राज मेहता ही जानते हैं। फिर मनीष को जवाब देते हुए राज ने लिखा, सब कुछ तैयार है, गुरप्रीत सर की डेट ही प्रॉब्लम है।

बता दें कि फिल्म जुग जुग जियो में मनीष गुरप्रीत की भूमिका में दिखे हैं। राज के कमेंट पर मनीष ने आगे लिखा, मेरी डेट्स? ये सब आप ही के लिए है। तिजोरी में रखी बियर तो नहीं पी गए?

फिल्म उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाई। इस फिल्म ने भारत में करीब 85 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें इमोशन का जबरदस्त तड़का लगाया गया है।

यह फिल्म कभी हंसाती है, तो कभी दर्शकों को भावुक कर देती है। फिल्म में वरुण (कुकू) और कियारा (नैना) की शादी टूटने की कगार पर है। इसमें रिश्तों को बचाने की जद्दोजहद दिखाई गई है। नीतू कपूर और अनिल कपूर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

जुग जुग जियो हाल में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। अमेजन प्राइम के सब्सक्राइबर्स भारत सहित 240 देशों और क्षेत्रों में फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। यह उन लोगों के लिए सुनहरा मौका है, जिन्होंने सिनेमाघरों में फिल्म का लुत्फ नहीं उठाया। फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर वरुण ने कहा था, मुझे खुशी है कि दर्शक अमेजन प्राइम पर अपने घरों पर सुकून के साथ जुग जुग जियो देखने का आनंद ले सकते हैं।

मनीष के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह वर्तमान में झलक दिखला जा 10 को होस्ट कर रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर आरजे की थी। फिल्मों में छोटे-मोटे किरदारों में नजर आने के अलावा वह अपनी मजबूत पहचान नहीं बना पाए हैं।

# कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने पीएम मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। कैबिनेट व उत्तरकाशी जिले के प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। शनिवार को श्री केदारनाथ मंदिर परिसर से कैबिनेट व प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने आगामी 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उसके उपरांत केबिनेट मंत्री के नेतृत्व में केदारघाट,जड़भरत घाट, आदि स्थानों में बृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने गँगा विचार मंच उत्तराखंड के साथ एनसीसी, एनएसएस, स्कूली छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलायी। केबिनेट मंत्री ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के सन्देश दिया।

जनपद के नगर पालिका क्षेत्र में जिला प्रशासन के सहयोग से कूड़ा सैगरिगेशन हेतु गीले कूड़े के निस्तारण के लिए बनाएं गए वर्मी कम्पोस्ट पिट का केबिनेट मंत्री ने निरीक्षण किया और जिला प्रशासन एवं नगर पालिका की सरहाना की। तथा वर्मी कम्पोस्ट पिट हर वार्ड में बनाने के निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ एवं हनुमान मंदिर में बजरंग बली हनुमान जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

उसके उपरांत काबीना मंत्री ने जिला



चिकित्सालय में जाकर मरीजों का हालचाल जाना।

जिला चिकित्सालय में प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान,रक्तदान अमृत महोत्सव पखवाड़ा एवं आयुष्मान भारत पखवाड़ा का विधि वत् शुभारंभ किया। पीएम मोदी जी के जन्मदिन को सरकार पखवाड़े के रूप में मना रही हैं। जिसमें गंगा के तटों पर सफाई अभियान,वृक्षारोपण,रक्तदान एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। सरकार का पूरा फोकस पहाड़ में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, जिसे पूरा करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।

इस मौके पर मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी में पौध रोपण किया। साथ ही मोदी जी के जन्मदिवस पर छात्र संवाद भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को दृढ़ इच्छाशक्ति एवं विशाल व्यक्तित्व का धनी, कुशल प्रशासक एवं प्रभावी कार्यसाधक बताते हुए कहा कि दुनिया में आज भारत की जो छवि एवं पहचान बनी है उसका पूरा श्रेय मोदी जी के करिश्माई व्यक्तित्व को जाता है। उनके नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना भी साकार हो रहा है।

इस अवसर पर छात्रों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद देश और देशवासियों में आशा, विश्वास और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उनके नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। देश में नई कार्य संस्कृति की शुरुआत हुई है। समरस, समर्थ एवं शक्तिशाली भारत की पहचान देश व दुनिया में हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन आठ सालों में एक समृद्ध, शक्तिशाली तथा समरस भारत के साथ ही दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बना है।

सीएमओ डॉ केएस चौहान ने बताया कि टीबी मुक्त अभियान के अंर्तगत प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान द्वारा टीबी मुक्त अभियान के तहत नि - क्षय मित्र पोर्टल पर पंजीकरण कर ब्लॉक चिन्यालीसौड़ के 72 टीबी रोगियों को एक वर्ष हेतु गोद लिया है। इसके अतिरिक्त आज से 01 अक्टूबर तक चलने वाले रक्तदान अमृत महोत्सव पखवाड़े के अवसर पर रक्तदान हेतु अभी तक 140 लोगों के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण किया गया है। जिसमें आज दोपहर तक 15 लोगों ने रक्तदान कर लिया है। 15 से 30 सितम्बर तक आयुष्मान भारत पखवाड़े का भी आयोजन किया जा रहा है। आयुष्मान भारत पखवाड़े के दौरान आयुष्मान / गोल्डन कार्ड से वंचित नागरिकों के कार्ड बनाएं जाएंगे।

इस मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला,एसपी अपर्ण यदुवंशी,सीडीओ गौरव कुमार, सीएमओ डॉ केएस चौहान, एसडीएम चतर सिंह चौहान,जिला युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप भंडारी, इंस्पेक्टर नगर पालिका कुसुमलता राणा, पर्यावरण विशेषज्ञ स्वजल प्रताप मटूड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेमवाल,जिला अध्यक्ष रमेश चौहान,जिला महामंत्री हरीश डंगवाल, गंगा विचार के प्रदेश संयोजक लोकेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य चंदन सिंह पंवार, जयबीर चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री ने चारों-धामों में कराई विशेष पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से चारों धामों में विशेष पूजा अर्चना के साथ ही श्री हेमकुंठ साहिब में विशेष अरदास कराई गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को पूरे देश में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तराखंड में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की ओर से प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर चारों धामों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री जी) में विशेष पूजा अर्चना एवं महारुद्राभिषेक कराया गया। श्री हेमकुंड गुरुद्वारा साहिब में भी इस अवसर पर विशेष अरदास का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रभु से प्रधानमंत्री जी के सुदीर्घ जीवन, स्वस्थ जीवन और यशस्वी होने हेतु प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगुवाई में आज देश-दुनिया मे भारत के मान में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। देवभूमि उत्तराखंड के प्रति प्रधानमंत्री जी का विशेष लगाव है। आज उनके मार्ग-दर्शन में उत्तराखंड में विकास की तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हम संकल्पित हैं।

## सू- दोकू क्र.68

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 67 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## कार की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

देहरादून (सं)। कार की चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अटक फार्म खेरी सेलाकुई निवासी दिलीप सिंह झाझरा के पास धर्मकांटे के पास पैदल जा रहा था तभी एक तेज गति से आ रही कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## पर्स लूटकर फरार हुआ शातिर गिरफ्तार

नैनीताल (हसं)। महिला से पर्स लूटकर फरार हुए एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लूटा गया पर्स, नगदी व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीती 15 सितम्बर को उत्तम सिंह द्वारा थाना रामनगर में तहरीर देकर बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रोडवेज बस अडडे के पास घिडियाल पैट्रोल पम्प के सामने उनकी पत्नी का बैग छीन लिया गया है जिसमें 26 सौ रूपये की नगदी व जरूर कागजात थे। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस द्वारा अथक प्रयासों के बाद आरोपी शानू को भारत गैस एजेन्सी तेलीपुरा रोड के पास पुलिया से मय घटना मे प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके कब्जे से लूट का सामान बरामद कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पंड्या को फंसाने वाली एक और महिला गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। शांतिकुंज के प्रमुख डा. प्रणव पंड्या को रेप के आरोप में फंसाने वाली एक और महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रमुख डॉ प्रणव पंड्या को झूठे रेप के आरोप में फंसाने के मामले में पुलिस ने एक और महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आई महिला का नाम सुनीता शर्मा पत्नी संजीव शर्मा है, जो मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली है। आरोपी महिला को टैक्सी स्टैंड मल्लीताल नैनीताल से गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने सुनीता शर्मा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने शांतिकुंज हरिद्वार के प्रमुख डॉ प्रणव पंड्या और उनकी पत्नी को झूठे केस में फंसाने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने नैनीताल में छापेमारी कर आरोपी महिला सुनीता शर्मा को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सुनीता शर्मा ने डॉ प्रणव पंड्या और उनकी पत्नी को फंसाने के लिए पूरी साजिश रची थी। इस मामले में पुलिस मुख्य आरोपित मनमोहन के अलावा हरगोविंद और तोषण साहू को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दो दिन पहले पुलिस ने शांतिकुंज प्रमुख प्रणव पंड्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने वाली युवती चंद्रकला साहू को देहरादून से गिरफ्तार किया था।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर जलाभिषेक कर दीर्घायु की कामना की



संवाददाता

हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय चोपडा ने जलाभिषेक कर दीर्घायु की कामना की।

आज यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में अलकनंदा घाटी स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति का गंगाजल व दूध अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की कामना करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ सार्वजनिक रूप से किया। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असंगठित क्षेत्र के गरीब रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स दिहाड़ी मजदूर, श्रमिकों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा आगामी 20 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर किए जा रहे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए रेडी पटरी के लघु व्यापारियों की एक स्वाभिमान रैली का आयोजन कर प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली का प्रचार प्रसार कर जन जागरण अभियान के तहत शक्ति प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर भगवान हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना कर दीर्घायु की कामना करते सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि यों में जय सिंह बिष्ट, अरुण अग्रवाल, राजेश खुराना, कुंवर सिंह मंडवाल, रामस्वरूप रतूड़ी, लघु व्यापारी नेता मनोज कुमार मंडल, प्रभात चौधरी, वीरेंद्र कुमार, राजीव जैन, विजय गुप्ता, लालचंद सिंह, भाजपा नेत्री पूनम मक्खन, नम्रता सरकार, कामिनी मिश्रा, सुमित्रा देवी, पुष्पा दास, विद्या देवी, सुनीता चौहान, मंजू पाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बारिश के चलते पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस की बिल्डिंग गिरी

लालकुआं (कासं)। लालकुआं ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस की बिल्डिंग भारी बारिश के चलते गिर गई। बताया जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (पुरानी तहसील की बिल्डिंग) का एक हिस्सा गिरा है। इस एक मंजिला गिरी बिल्डिंग को देखने के लिए लोगों का जमावड़ा मौके पर लग गया। बता दें कि पहले पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में तहसील चला करती थी, जिसे पुरानी तहसील के नाम से भी जाना जाता है।

## उबसा उत्तराखंड ब्लाइंड फुटबॉल टीम पहुंची चेन्नई

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड ब्लाइंड फुटबाल टीम आईबीएफएफ नेशनल ब्लाइंड फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चेन्नई पहुंच गयी है। उबसा उत्तराखंड ब्लाइंड फुटबॉल टीम जो 14 सितंबर की रात को देहरादून से चली थी 17 सितंबर को चेन्नई पहुंच गई है। वहां पर प्रदेश की टीम 18 सितंबर से 20 सितंबर तक होने वाले छटी पुरुष आईबीएफएफ नेशनल ब्लाइंड फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में कुल 13 प्रदेशों की टीमें भाग ले रही है। उत्तराखंड की टीम में अनुभव और जोश दोनों भरे हैं। टीम के कोच नरेश सिंह नयाल को टीम से बहुत उम्मीद है और अच्छे समाचार के साथ अपने प्रदेश लौटने की आशा है।साथ ही एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अनंत प्रकाश मेहरा जी ने भी एसोसिएशन की तरफ से खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने का वादा किया है। टीम उबसा उत्तराखंड में सोवेन्द्र सिंह(कप्तान), शिवम सिंह नेगी (उप कप्तान), साहिल, आकाश सिंह, विवेक कुमार, हिमांशु पाल,तुषार कुमा,अभिषेक कश्यप(गोलकीपर)दीपांशु पालीवाल (गोलकीपर),,नरेश सिंह नयाल (कोच) शामिल है। प्रतियोगिता का आयोजन तमिलनाडु ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन द्वारा इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन की देखरेख में किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दून में शहीदों के आवास पहुँचकर सीएम ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आज मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में भारी बारिश के बीच शहीद परिवारों के घर के बाहर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को इस बार सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी आज सुबह सबसे पहले शहीद मेजर चित्रेश बिष्ट और फिर नेशविला रोड पर शहीद मेजर विभूति ढौंडियाल के आवास पर पहुँचे। मुख्यमंत्री ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यहां उनके द्वारा शहीदों के घर के बाहर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके उपरांत उन्होंने दोनों शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश के वीर सपूतों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के इन लालों को मैं नमन करता हूं। इस दौरान उन्होंने दोनों शहीदों के परिजनों का हाल-चाल भी लिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर देशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्म दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने बाबा केदार एवं भगवान बद्रीविशाल से प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु एवं शतायु होने की कामना की।

**❑शहीद मेजर चित्रेश बिष्ट और शहीद मेजर विभूति ढौंडियाल को श्रद्धांजलि दी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली, समृद्ध एवं समरस भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। आज विश्व स्तर पर भारत का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता, रक्तदान, संगोष्ठियां एवं सेवा के अन्य कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा भी उपस्थित थे।

# समस्याओं को लेकर मर्तोलिया ने लिखा सीएम व डीएम को पत्र

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। मुनस्यारी में विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत सदस्यों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने समर्थन किया। उन्होंने आज मुख्यमंत्री तथा जिला अधिकारी को पत्र लिखा।

जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया ने बताया कि मुनस्यारी को उत्तराखंड राज्य निर्माण के 22 वर्षो के बाद भी कालापानी समझा जाता है। आज भी यहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सरकारी संस्थाओं में अधिकारी एवं कर्मचारियों के पद रिक्त चल रहे है। इस सीमांत क्षेत्र को कोई देखने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार तथा प्रशासन को इन समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाना चाहिए।

# धामी ने पुलिस लाईन में रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस लाईन देहरादून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पुलिस लाईन देहरादून में पुलिस के अधिकारियों, जवानों एवं अन्य लोगों द्वारा रक्तदान किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश में सेवा के अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। आज से 02 अक्टूबर तक प्रदेश में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसके तहत स्वच्छता, रक्तदान एवं सेवाभाव के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस पुण्य कार्य से हम अनेक लोगों को जीवनदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ई रक्तकोष पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त एवं समृद्धशाली भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है।

**❑पुलिस के अधिकारियों, जवानों एवं अन्य लोगों ने किया रक्तदान**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कि प्रदेश में 52 ब्लड बैंक हैं। अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर सकें, इसके लिए पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की सुविधा की गई है।

इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, डीजीपी अशोक कुमार, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर

# देश में पिछले 24 घंटो में कोविड 19 के 5747 नए मामले आए

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 5,747 नए मामले आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,45,28,524 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 46,848 पर पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठ बजे के अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 29 लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,28,302 हो गई। इनमें संक्रमण से मौत की पुष्टि के बाद केरल से दर्ज 13 मामले भी शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमण का 0. 11 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.71 प्रतिशत हो गई है। 24 घंटे की अवधि में उपचाराधीन रोगियों की संख्या में 100 की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 1.69 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.74 प्रतिशत थी। बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 4,39,53,374 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई। मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत कोविड-19 रोधी टीके की अब तक 216.41 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।



# कंगना ने पीएम मोदी को कहा 'अवतार'

मुंबई। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए लिखा- हैप्पी बर्थडे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। कंगना ने आगे लिखा, बचपन में रेलवे प्लेटफार्म पर चाय बेचने से लेकर इस ग्रह पर सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बनने तक, क्या ही अविश्विसनीय यात्रा है। कंगना ने लिखा, हम आपके लंबे जीवन की कामना करते हैं, लेकिन राम की तरह, कृष्ण की तरह, गांधी की तरह, आप अमर हैं। आपकी विरासत को कोई मिटा नहीं सकता, इसलिए मैं आपको अवतार कहती हूं... आपको हमारे नेता के रूप में पाकर धन्य हो गए। वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में बिजी हैं। वह इस फिल्म में इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ श्रेयस तलपड़े, महिला चौधरी, अनुपम खेर और मिलिंद सोमन अहम किरदार निभाते नजर आयेंगे। इस फिल्म को कंगना डायरेक्ट कर रही है।




# हिजाब न पहनने पर हुई 22 साल की अमिनी की मौत

नई दिल्ली। हिजाब न पहनने की पुलिस ने एक युवती को इतनी खौफनाक सजा दी कि उसकी मौत हो गई। 22 साल की महसा अमिनी की मौत के बाद उनके परिजन ने मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि 22 साल की महसा अमिनी अपने परिवार के साथ किसी टूर पर थी। इस दौरान हिजाब न पहनने पर मंगलवार को स्थानीय पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। कहा जा रहा है कि अमिनी की पुलिस ने पिटाई की जिसके बाद वे कोमा में चली गई और शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया। अमिनी की मौत के बाद फारसी भाषा के मीडिया ने उसके परिवार के हवाले से कहा है कि जब अमिनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था तब वो स्वस्थ थी लेकिन गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद अमिनी को कोमा में अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। उसके थाने पहुंचने और अस्पताल जाने के बीच क्या हुआ यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक स्थानीय चौनल का दावा है कि अमिनी के सिर में चोट लगी थी। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि जिन परिस्थितियों में 22 साल की महसा अमिनी की हिरासत में संदिग्ध मौत हुई है, उसकी जांच होनी चाहिए। कहा गया है तेहरान पुलिस ने हिजाब न पहनने पर उसे गिरफ्तार कर लिया था और तीन दिन बाद अमिनी की मौत हो गई। जिम्मेदार अधिकारियों को न्याय का सामना करना चाहिए।



# दुर्घटना घटी तो स्कूलों की स्थिति की कलई खुली

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य गठन के 22 साल बाद भी राज्य के स्कूलों की क्या स्थिति है? इसकी सच्चाई अब चंपावत के मौनकांडा स्कूल में हुई दुर्घटना के बाद सामने आ रही है। राज्य में बेहतर स्कूल और पढ़ाई का दावा करने वाले नेता और सरकारों ने इस दिशा में अब तक कितना काम किया है और सूबे की शिक्षा व्यवस्था और स्कूलों की हालत क्या है यह हैरान करने वाली बात है। राज्य में ढाई हजार स्कूल ऐसे हैं जिनमें छात्र-छात्राओं को पेयजल, बिजली और शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है जबकि 400 से अधिक स्कूलों के भवन ऐसी जर्जर स्थिति में है जिनमें शिक्षण कार्य कराया जाना सुरक्षित नहीं है।

उल्लेखनीय है कि चंपावत के मौनकांडा राजकीय विद्यालय में शौचालय का लेंटर गिरने से एक छात्र की मौत व पांच अन्य के घायल होने की घटना के बाद सीएम ने राज्य के सभी स्कूलों की सर्वे रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें स्कूलों की कुछ ऐसी ही तस्वीरें सामने आई है। जहां बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हालात इतने खराब है कि इन स्कूलों में अन्य सुविधाओं की बात तो दूर जरूरी सुविधाओं का भी नितांत अभाव है। इन स्कूलों में बच्चों के लिए पीने का पानी और शौचालय तक उपलब्ध नहीं है।

**●बिजली-पानी व शौचालय विहीन है 2500 स्कूल**
**●400 से अधिक स्कूलों के भवन क्षतिग्रस्त**

एक तरफ जहां केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा देशभर में घर-घर शौचालय बनवाने और देश को खुले में शौच से मुक्त कराए जाने का काम किया गया है वहीं उत्तराखंड के स्कूलों में शौचालयों की सुविधा भी न होना इस बात को दिखाता है कि राज्य की अब तक की सरकारों द्वारा कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। अब तक राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी या छात्रों की कमी की बातें सामने आती थी जिसके कारण स्कूल में ताले लटकते जा रहे थे लेकिन अब इन स्कूलों के शिक्षा स्तर तथा इन स्कूलों की हालत भी सामने हैं। पहाड़ से पलायन रोकने के लिए सरकार कई काम कर रही है लेकिन क्या इन स्कूलों के हालात बिना सुधारे यह संभव है। राज्य में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के हालत अगर बेहतर नहीं होगें तो क्या पलायन रोका जा सकता है।

# प्रोफेसर ने की छात्रा के साथ छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज



हमारे संवाददाता

बागेश्वर। गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते को तार-तार करने का एक मामला बागेश्वर से सामने आया है। यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बागेश्वर में बीए सेकेंड सेमेस्टर की एक छात्रा ने अपने प्रोफेसर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। जिससे आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज परिसर में जोरदार हंगामा करते हुए मामले में मुकदमा दर्ज करा दिया है वहीं महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भी इस मामले की जांच करने हेतू समीति का गठन किया गया है।

जानकारी के अनुसार कुमाऊं केसरी पंडित बद्रीदत्त पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बागेश्वर में बीए की एक छात्रा ने प्रोफेसर पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। छात्रा का आरोप है कि प्रोफेसर ने असाइनमेंट जमा करने के दौरान उसके साथ छेड़खानी की है। छेड़खानी की शिकायत छात्रा ने कॉलेज प्रशासन से भी की, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया जा रहा है कि सुनवाई न होने पर गुस्साये छात्रों इस मामले में असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने प्रोफेसर को सस्पेंड करने की मांग की। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस भी कॉलेज में पहुंची और छात्रों को समझा बुझा कर शांत किया। पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, विभाग ने भी इस मामले में जांच हेतू एक समीति का गठन किया है। इसके अलावा जांच पूरी होने तक आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर को द्वाराहाट अटैच कर दिया है। लेकिन छात्रों की मांग है कि असिस्टेंट प्रोफेसर निष्कासित किया जाए।

# कार पर बोल्डर गिरा, एक की मौत तीन घायल



हमारे संवाददाता

नैनीताल। सड़क दुर्घटना में देर रात एक कार पर पहाड़ी से बोल्डर गिर जाने से जहां एक व्यक्ति की मौत हो गयी वहीं तीन लोग घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कल रात लगभग 12.30 बजे भवाली कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की खैरना अल्मोड़ा के समीप एक स्विफ्ट कार जिसमे चार व्यक्ति सवार थे। ऊपर पहाड़ी की ओर से एक बड़ा बोल्डर तेजी से कार पर जा गिरा, जिससे कार पिचक गयी तथा उसमें सवार 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल व अन्य तीन मामूली घायल हुए है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान गम्भीर घायल हुए व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन का इलाज जारी है। मृतक का नाम जतिन दिवाकर निवासी मुरादाबाद व अन्य घायलों के नाम प्रवीन चौधरी, अभय, अक्षय निवासी मुरादाबाद बताये जा रहे है।

# एम्स में नौकरी लगाने के नाम पर ठगे साढे तीन लाख

संवाददाता

देहरादून। एम्स में नौकरी लगाने के नाम पर युवको से साढे तीन लाख रूपये की ठगी करने वाले चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहिया कालसी निवासी सुनील दत्त शर्मा ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि कुडकावाला निवासी अभिषेक लोधी उसके पिता विनोद लोधी अभिषेक की मौसी व सुंदरवाला रायपुर निवासी विरेन्द्र गौतम ने उसके व उसके अन्य साथियों को एम्स ऋषिकेश में नौकरी लगाने की बात कही थी। जिसके बाद उक्त लोगों ने नौकरी से सम्बन्धित दस्तावेज उनसे ले लिये तथा इस दौरान इन लोगों ने उनसे 3 लाख 60 हजार रूपये भी ले लिये थे। लेकिन जब काफी समय बीत जाने के बाद भी उनकी नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने इनसे अपने दस्तावेज व रूपये वापस मांगे लेकिन इन लोगों ने उनको रूपये व दस्तावेज वापस नहीं किये। जिसके बाद उनको पता चला कि उक्त लोगों ने उनके साथ धोखाधडी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*